न्यायालय जिला कलक्टर, झुंझुनू

पीठासीन अधिकारी :– यू0डी0खान
आई.ए.एस.

प्रथम अपील संख्या 22/2021

अनिरूद्व कुमार, क्वार्टर नम्बर BH-1 बिरला हॉस्टल, पिलानी–333031, जिला झुंझुनूं राज0

बनाम

लोक सूचना अधिकारी (अति0 जिला कलक्टर) झुंझुनूं।

– –

सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत प्रस्तुत प्रथम अपील.

आदेश

दिनांक 09.03.2021

1. पत्रावली आज पेश हुई। प्रार्थी (अपीलार्थी) द्वारा यह प्रथम अपील प्रार्थना पत्र सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत दिनांक 15.02.2021 को इस न्यायालय में प्राप्त होने पर प्रथम अपील मिसल नम्बर 22/2021 पर दिनांक 15.02.2021 को दर्ज की गई। अपीलार्थी द्वारा उक्त अपील लोक सूचना अधिकारी (अति0 जिला कलक्टर) झुंझुनूं के विरूद्व पेश की गई है।
2. अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र लोक सूचना अधिकारी (अति0 जिला कलक्टर) झुंझुनूं को प्रस्तुत कर आवेदन पत्र में वर्णित सूचना चाही गई।
3. लोक सूचना अधिकारी (अति0 जिला कलक्टर) झुंझुनूं से इस कार्यालय के पत्रांक पाठक/2020/626–627 दिनांक 15.02.2021 द्वारा तथ्यात्मक टिप्पणी चाही गयी थी।
4. लोक सूचना अधिकारी (अति0 जिला कलक्टर) झुंझुनूं ने पत्रांक एफ 16(4)(5)न्याय/सू0अ0/21/292 दिनांक 23.02.2021 द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत कर निवेदन किया कि अपीलार्थी अनिरूद्व कुमार, क्वार्टर नम्बर BH-1 बिरला हॉस्टल, पिलानी–333031, जिला झुंझुनूं का आवेदन पत्र इस कार्यालय मे दिनांक 28.12.2020 को प्राप्त हुआ। अपीलार्थी द्वारा चाही गई उक्त सूचना के संबंध मे इस कार्यालय के पत्र कमांक एफ 16 (4)(5)न्याय/सू0अ0/09/631 दिनांक 29.12.2020 द्वारा पीजी अनुभाग को नियमानुसार सूचना उपलब्ध कराने हेतु पत्र भिजवाया गया है। पीजी अनुभाग ने अपने पत्र कमांक प. पीजी सैल/20/27 दिनांक 08.01.2021 मे अवगत करवाया कि प्रार्थी के द्वारा चाही गई सूचना कुल 55 पृष्ठों मे है जिसके प्रति पृष्ठ 2 रूपये के हिसाब से कुल 110 रूपये बनते है। प्रार्थी के द्वारा 40 रूपये का अतिरिक्त पोस्टल आर्डर पूर्व मे जमा करवाया जा चुका है। अतः शेष 70 रूपये राजकोष मे जमा करावें ताकि सूचना उपलब्ध कराई जा सके बाबत लिखा जा चुका है। अतः अपीलार्थी की अपील खारीज फरमायी जावें।
5. अपीलार्थी सुनवाई हेतु उपस्थित नहीं।
6. लोक सूचना अधिकारी (अति0 जिला कलक्टर) झुंझुनूं ने पत्रांक एफ 16(4)(5)न्याय/सू0अ0/21/292 दिनांक 23.02.2021 द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत कर निवेदन किया कि अपीलार्थी अनिरूद्व कुमार, क्वार्टर नम्बर BH-1 बिरला हॉस्टल, पिलानी–333031, जिला झुंझुनूं का आवेदन पत्र उनके कार्यालय मे दिनांक 2 8.12.2020 को प्राप्त हुआ। अपीलार्थी द्वारा चाही गई उक्त सूचना के संबंध मे उनके कार्यालय के पत्र कमांक एफ 16(4)(5)न्याय/सू0अ0/09/631 दिनांक 29.12.2020 द्वारा पीजी अनुभाग को नियमानुसार सूचना उपलब्ध कराने हेतु पत्र भिजवाया गया है। पीजी अनुभाग ने अपने पत्र कमांक प. पीजी सैल/20/27 दिनांक 08.01.2021 मे अवगत करवाया कि प्रार्थी के द्वारा चाही गई सूचना कुल 55 पृष्ठों मे है जिसके प्रति पृष्ठ 2 रूपये के हिसाब से कुल 110 रूपये बनते है। प्रार्थी के द्वारा 40 रूपये का अतिरिक्त पोस्टल आर्डर पूर्व मे जमा करवाया जा चुका है। अतः शेष 70 रूपये राजकोष मे जमा करावें ताकि सूचना उपलब्ध कराई जा सके बाबत लिखा जा चुका है। अतः अपीलार्थी का अपील प्रार्थना पत्र स्वीकार योग्य नहीं होने से खारीज किया जाता है।
7. अपीलार्थी को यह भी सूचित किया जाता है कि आप इसकी द्वितीय अपील माननीय राज्य सूचना आयोग जयपुर के यहां निर्धारित समयावधि में कर सकते है।

आदेश आज दिनांक 09.03.2021 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

09/03/21

(यू0डी0खान)
जिला कलक्टर, झुंझुनूं